बारिश से कहीं जलभराव तो नहीं महापौर नीरज पाल ने शहर का लिया जायजा, बारिश के दौरान वार्डो में देखी स्थिति

भिलाई नगर/ भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल ने आज सुबह 11:00 बजे विभिन्न वार्डो में जाकर जलभराव वाले स्थानों का निरीक्षण किया। सुबह से हो रही बारिश के कारण जलभराव की कहीं स्थिति तो निर्मित नहीं हो रही है इसका जायजा लेने महापौर निरीक्षण में पहुंचे। सर्वप्रथम हुडको क्षेत्र , सेक्टर 05 का निरीक्षण किया, उन्होंने वहां पर अपनी उपस्थिति में नाली में कचरे फंसने और उन्होंने बारिश के पानी से ओवरफ्लो हो रहे नाली में फंसे कचरे साफ करवाये तथा नाली में अतिक्रमण होने के कारण जलभराव हो रहा था जिसे तत्काल जेसीबी से तोड़कर जल निकासी के लिए रास्ता बनाया गया। तत्पश्चात नेहरू नगर , वैशालीनगर व जोन 03 क्षेत्र पहुंचे और वार्ड में नागरिक से बात की। उन्होंने निर्देश दिए कि जलभराव की स्थिति निर्मित ना हो इसलिए आसपास के कचरे की सफाई भी व्यापक तौर पर जारी रखे। बारिश के पानी के साथ कचरे बहकर नालों में प्रवाहित होते हैं , ऐसी स्थिति में किनारों में कचरे एकत्र होने की संभावना बढ़ जाती है। इन सभी स्थितियों के लिए सदैव अपना अमला स्वास्थ्य विभाग तैयार रखें। महापौर श्री पाल ने निरीक्षण के दौरान वार्डो में सड़कों की सफाई तथा नाली से कंटीली झाड़ियां , झिल्ली, पन्नी के कचरे अच्छे तरीके से निकालकर सफाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक दिवेदी और स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे।